बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये Data में सुधार के सम्बन्ध में अत्यंत महत्वपूर्ण सूचना

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 02.02.2021 के बाद प्रकाशित सभी विज्ञापनों में Edit का प्रावधान जारी है जिसकी सूचना दिनांक 23.12.2020 को प्रकाशित की गई थी।

आयोग द्वारा लिये गये निर्णयानुसार एतद् द्वारा दिनांक 14.09.2021 के बाद आयोग द्वारा प्रकाशित होनेवाले विज्ञापनों से सम्बन्धित सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि के बाद ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद डाटा में किसी प्रकार के सुधार/परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा। इसकी विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है:–

सुधार/परिवर्तन हेतु प्राप्त बिन्दु	आयोग का निर्णय
आवेदक का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, पति का नाम, जन्म तिथि, लिंग (Gender), आधार संख्या, जाति, आरक्षण कोटि, भूतपूर्व सैनिक, बिहार राज्य के सरकारी सेवक, स्वतंत्रता सेनानी, दिव्यांग, पत्राचार का पता, स्थायी पता, अन्य डाटा जैसेः– फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षिक योग्यता, अनुभव इत्यादि में परिवर्तन/सुधार (Edit) के संबंध में।	(क) ऑनलाईन आवेदन के दौरान Edit की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद प्राप्त किसी भी तरह के परिवर्तन एवं सुधार (Edit) के अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। (ख) आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक आवेदक द्वारा भरे गये डाटा को अंतिम समझा जायेगा। (ग) उम्मीदवार द्वारा भरे गये डाटा और उनके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र/कागजात में कोई भिन्नता आती है तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
Optional Paper तथा Non Linguistic Subject में परिवर्तन/सुधार (Edit) के संबंध में।	(क) ऑनलाईन आवेदन के दौरान Edit की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद प्राप्त किसी भी तरह के परिवर्तन एवं सुधार (Edit) के अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। (ख) आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक आवेदक द्वारा भरे गये डाटा को अंतिम समझा जायेगा। (ग) इसके पश्चात् प्राप्त Optional Paper तथा Non Linguistic Subject में परिवर्तन के अनुरोध को अमान्य कर दिया जायेगा।
मोबाईल/ई–मेल में परिवर्तन/सुधार (Edit) के संबंध में।	एक बार Registration हो जाने के बाद परिवर्तन/सुधार संभव नहीं है। अतः उक्त संबंध में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा।
एक से अधिक आवेदन करने या भरने के संबंध में।	Registration में गलत विवरण अंकित हो जाने की स्थिति में आवेदन करने की अंतिम तिथि के पूर्व आवेदक Registration को रद्द कर सकता है तथा उसी मोबाईल/ई–मेल से दूसरा Registration एवं नये सिरे से परीक्षा शुल्क का भुगतान करके आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण कर सकता है। वैसी स्थिति में पूर्व में किया गया परीक्षा शुल्क का भुगतान वापस नहीं किया जायेगा। आवेदन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अगर किसी अभ्यर्थी के दो या दो से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, ऐसी स्थिति में उनके सभी आवेदन पत्रों को अस्वीकृत करते हुए उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।
एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में।	किसी अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन पत्र भरे जाने की स्थिति में उनके सभी आवेदन पत्रों को अस्वीकृत करते हुए उनका अभ्यर्थित्व रद्द कर दिया जायेगा।

आवेदक किसी विज्ञापन के अन्तर्गत आवेदन करने के पहले विज्ञापन में अंकित सभी शर्त्तों का भली–भांति अध्ययन कर लेंगे। ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद किसी भी डाटा में सुधार/परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा, किसी भी **Data** में गलत जानकारी अंकित करने के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेवार होंगे एवं उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये डाटा को अंतिम मानते हुए उनकी अर्हता के सम्बन्ध में आयोग द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

13.9.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना